एनएसपी किड्स जोन स्कूल में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी उत्सव

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल।

तारासेवनिया स्थित नव संस्कार पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं एनएसपी किड्स जोन स्कूल में गुरुवार, 3 सितंबर को जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की आकर्षक वेशभूषा में नजर आए, जिससे पूरा विद्यालय परिसर कृष्णमय हो गया। जन्माष्टमी उत्सव के दौरान बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मटकी फोड़ कार्यक्रम ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों की उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ का मन मोह लिया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख डॉ. देवेंद्र सिंह, प्राचार्या श्रीमती राखी श्रीवास्तव सहित शिक्षिकाएं कुमारी अंजलि चौकसे, आरती यादव, विपाशा मीना, शिवानी मीना एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों को भारतीय संस्कृति और धार्मिक पर्वों के महत्व से परिचित कराने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन को महत्वपूर्ण बताया।

गुफा मंदिर में 21 ब्राह्मणों ने कराया श्री हनुमान जी का सहस्त्रधारा अभिषेक

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल।

लालघाटी स्थित गुफा मंदिर धाम में श्री बूढ़े हनुमान जी का सहस्त्रधारा अभिषेक श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। श्री बूढ़े हनुमान सहस्त्रधारा अभिषेक मंडल द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार के बीच 21 ब्राह्मणों ने विधि-विधान से भगवान हनुमान जी का सहस्त्रधारा अभिषेक कराया।मंडल के संयोजक अनुपम अग्रवाल ने बताया कि पिछले 15 महीनों से श्री बूढ़े हनुमान सहस्त्रधारा अभिषेक मंडल द्वारा नियमित रूप से यह धार्मिक आयोजन कराया जा रहा है। शनिवार को हुए अभिषेक में सोहन अग्रवाल मुख्य यजमान रहे। अनुष्ठान के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। अभिषेक के बाद भगवान हनुमान जी की आरती और विधिवत पूजन किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

आयोजन में अग्रवाल मित्र मंडल एवं महिला मंडल की संयोजिका श्रीमती ज्योति बंसल, कोषाध्यक्ष गोपाल अग्रवाल सहित मनोज अग्रवाल, चन्द्रेश अग्रवाल, डॉ. अंकुर अग्रवाल, अचिन अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अमित बिल्लोरे, मोहित अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राजेंद्र भदौरिया, अभय गर्ग और अशोक साहू सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की।

बाबूलाल गौर कॉलेज में शिक्षक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन, 50 शिक्षकों का हुआ सम्मान

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल।

शिक्षक दिवस के अवसर पर बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भेल, भोपाल में शिक्षक सम्मान समारोह एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रायोजक संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश तथा सहयोगी संस्था सोसायटी ऑफ एनजीओ अवेयरनेस, अवधपुरी, भेल रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कवि संजय सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने की। विशिष्ट अतिथियों में सोसायटी ऑफ एनजीओ अवेयरनेस के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद शर्मा, श्रीमती मंजू शर्मा एवं बालिका अंशिका पाण्डेय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भी पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया। छात्रा शशि वंशकार ने सरस्वती वंदना, मुस्कान ठाकरे ने नृत्य के माध्यम से गुरु वंदना प्रस्तुत की। बालिका अंशिका पाण्डेय के भावपूर्ण भजन ने कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण शिक्षक सम्मान समारोह में सोसायटी ऑफ एनजीओ अवेयरनेस के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद शर्मा ने सबसे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन को सम्मानित किया। इसके बाद महाविद्यालय के करीब 50 शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अतिथि स्वागत के दौरान प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन ने मुख्य अतिथि कवि संजय सिंह को नवपल्लवित पौधा, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। वहीं महेन्द्र प्रसाद शर्मा का स्वागत राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा यादव ने किया। शायर नितेश का स्वागत डॉ. सुषमा जादौन तथा शैलेश ओझा का स्वागत डॉ. अंजना अग्रवाल ने किया। शिक्षक सम्मान के बाद कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। महाविद्यालय के स्वरचित साहित्य मंच के विद्यार्थियों श्रीया विश्वकर्मा, मनन दीक्षित, प्राची विश्वकर्मा और तुषार पाण्डेय ने गुरु को केंद्र में रखकर अपनी स्वरचित कविताओं का प्रभावशाली पाठ किया।

भोपाल के शायर नितेश ने अपनी शायरी 'हे नमन गुरुवर तुम्हें स्वीकार हो' प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। वहीं मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कवि संजय सिंह ने अपने चर्चित गीत से काव्य पाठ की शुरुआत की। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने सभागार में मौजूद श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया और कई श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। इसके बाद उनकी दूसरी चर्चित कविता 'हाय मेरे लाल, कैसा दिन ये दिखाया' को भी श्रोताओं ने खूब सराहा।कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. कमलेश सिंह नेगी ने किया। समापन अवसर पर स्वरचित साहित्य मंच की छात्रा श्रीया विश्वकर्मा ने अतिथियों, प्राचार्य, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कैम्पियन स्कूल में शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का सम्मान, नृत्य, संगीत और अन्य प्रस्तुतियां

सच प्रतिनिधि ॥ भोपाल।

शिक्षक दिवस के अवसर पर राजधानी भोपाल के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में गुरुजनों के सम्मान के साथ सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कैम्पियन स्कूल में जहां विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत और अन्य प्रस्तुतियों से शिक्षकों का मनोरंजन किया । कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य फादर अमृतलाल टोप्पो एसजे, उप प्राचार्य फादर फेबियानुस एसजे और हैडमिस्ट्रेस सिस्टर रेनिशा एसी ने दीप प्रज्वलन एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर की। प्राथमिक एवं माध्यमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने प्रार्थना और मधुर गीत प्रस्तुत किए। फादर्स, ब्रदर्स, शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित स्टाफ सदस्यों का पुष्पगुच्छ, ग्रीटिंग कार्ड और पौधे भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य के साथ समारोह को यादगार बनाया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बॉलीवुड फ्यूजन, वेस्टर्न डांस, भांगड़ा, हिप-हॉप, बीट-बॉक्सिंग, कविताओं और म्यूजिकल इवेंट की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। सेकेंडरी स्कूल के म्यूजिक ग्रुप ने विभिन्न गीतों पर ऑर्केस्ट्रा की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने विशिंग सॉन्ग भी प्रस्तुत किया। समारोह में शिक्षकों के लिए रेड कार्पेट पर रैंप वॉक और विभिन्न गेम्स का आयोजन किया गया। अंत में सेलिब्रेशन डांस ने कार्यक्रम में उत्साह भर दिया।

इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं, ऑफिस स्टाफ, सपोर्टिंग स्टाफ, बस ड्राइवर और कंडक्टर्स को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य फादर अमृतलाल टोप्पो ने अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और उनके दार्शनिक, लेखक एवं शिक्षाविद् के रूप में योगदान को याद किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद प्रस्ताव विद्यार्थियों ने किया।

भोपाल में चार दिवसीय 'टैगोर नाट्य महोत्सव' का शुभारंभ, पहले दिन गूंजा गुरुदेव का संगीत और रंगमंच

भोपाल। टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय एवं विश्व रंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय 'टैगोर नाट्य महोत्सव' का रविवार को रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के मुक्ताकाश में शुभारंभ हुआ। पहले दिन गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के गीतों की सांगीतिक प्रस्तुति, उनकी कहानियों पर आधारित नाटक और 'टैगोर की सांस्कृतिक चेतना' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम में आरएनटीयू के कुलाधिपति एवं वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे, कुलगुरु डॉ. आर.पी. दुबे, कुलसचिव डॉ. संगीता जौहरी, टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक विनय उपाध्याय, संतोष कौशिक, विकास अवस्थी सहित साहित्य, रंगमंच और कला जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे। महोत्सव के पहले दिन टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के नवांगतुक विद्यार्थियों ने 'गीतांजलि' की प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने टैगोर के गीतों को संगीत के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर वातावरण को भावपूर्ण बना दिया।

इसके बाद विद्यालय के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने टैगोर की दो कहानियों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति 'एक रात/अंतिम रात' का मंचन किया।

'एक रात' में बचपन की सहचरी सुरबाला के प्रेम को समय रहते नहीं समझ पाने वाले युवक की कहानी को मंच पर प्रस्तुत किया गया। महत्वाकांक्षा के चलते विवाह का अवसर गंवाने और बाद में प्रेम एवं रिश्ते की वास्तविकता का एहसास होने की कहानी ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ा।

आज से 9 सितंबर तक होंगी नाट्य प्रस्तुतियां

टैगोर नाट्य महोत्सव के तहत 7, 8 और 9 सितंबर को वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे की तीन कहानियों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां होंगी।

भाभा विवि में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

भोपाल। भाभा विश्वविद्यालय, भोपाल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना से हुई। इस दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षक दिवस को यादगार बनाया। कार्यक्रम में केक काटने के साथ प्रेरक विचार, प्रेरणादायक कहानियां, शेर-ओ-शायरी, मनमोहक नृत्य और शिक्षकों की विभिन्न प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षक के महत्व को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे उन्हें अनुशासन, जीवन-मूल्य, आत्मविश्वास, मेहनत, मानवता और सही निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में कहा गया कि मां हमारी प्रथम गुरु हैं, जबकि भगवान श्रीराम सत्य, मर्यादा, कर्तव्य और आदर्श जीवन का मार्ग दिखाते हैं।

एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में मनाया शिक्षक दिवस, पौधे भेंट कर किया सम्मान

भोपाल। एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल में शिक्षक दिवस का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह में विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से एसएन चौकसे, कुलगुरु प्रो. (डॉ.) एनके थापक, रजिस्ट्रार डॉ. अजीत कुमार सोनी एवं मेडिकल कॉलेज के डीन विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं शिक्षकों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

डॉ. एके द्विवेदी बने जर्नल के संपादकीय मंडल के सदस्य

इंटरनेशनल जर्नल ऑफ होम्योपैथिक केस रिपोर्ट्स में मिली जिम्मेदारी

सच प्रतिनिधि.भोपाल

होम्योपैथी चिकित्सा और शोध के क्षेत्र में मध्य प्रदेश के प्रो. (डॉ.) अश्विनी कुमार द्विवेदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई जिम्मेदारी मिली है। उन्हेंइंटरनेशनल जर्नल ऑफ होम्योपैथिक केस रिपोर्ट्स में 2026 से 2031 तक मिली जिम्मेदारी (आईजेएचसीआर) के संपादकीय मंडल में वर्ष 2026 से 2031 तक के लिए सदस्य नियुक्त किया गया है। डॉ. द्विवेदी वर्ष 2015 से केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार से जुड़े हुए हैं। इस दौरान वे होम्योपैथी से संबंधित शोध और अकादमिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। जर्नल के संपादकीय मंडल में उनकी नियुक्ति उनके अकादमिक और शोध कार्यों के आधार पर की गई है। नई जिम्मेदारी के तहत वे शोध-पत्रों, समीक्षा लेखों और रोग-प्रकरण रिपोर्टों के मूल्यांकन सहित शोध से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में योगदान देंगे। इसके साथ ही चिकित्सकों और विद्यार्थियों को शोध कार्य के लिए प्रोत्साहित करने की भूमिका भी निभाएंगे। डॉ. द्विवेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जर्नल के संपादकीय मंडल में जिम्मेदारी मिलना व्यक्तिगत उपलब्धि के साथ मध्य प्रदेश में होम्योपैथी के शोध और अकादमिक गतिविधियों के लिए भी महत्वपूर्ण है।

सच अलर्ट

प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स के लिए देश के विभिन्न संस्थानों द्वारा दी जाने वाली स्कॉलरशिप, अवार्ड और प्रतियोगिताओं की जानकारी अब buddy4study के सहयोग से सच एक्सप्रेस पर। आवेदन के लिए लिंक करें
www.buddy4study.com

आईसीपीसी इंटर्नशिप प्रोग्राम 2025

- विवरण: आईसीपीसी इंटर्नशिप प्रोग्राम 2025, पॉलिसी, पॉलिटिक्स एंड गवर्नेंस फाउंडेशन द्वारा अंतिम वर्ष या पूर्व-अंतिम वर्ष के स्नातक छात्रों को प्रदान किया जा रहा है। यह इंटर्नशिप कार्यक्रम युवा, उत्साही व्यक्तियों को राजनीतिक और नीति निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र का अन्वेषण से अवगत कराता है।
- मानदंड: आवेदन अंतिम वर्ष या पूर्व-अंतिम वर्ष के स्नातक अध्ययनरत छात्रों के लिए जारी है। उन्हें स्नातक अध्ययन पूर्ण करने के बाद राजनीतिक या नीति रणनीति परामर्श में करियर बनाने में रुचि होनी चाहिए।
- इनाम/लाभ: रुपए 5,000 का मासिक स्टाइपेंड तथा सराहना प्रमाण पत्र।
- अंतिम तिथि: पूरे वर्ष आवेदन आमंत्रित हैं।
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक:. www.b4s.in/sach/ICPI1
- QR Code: https://dle9eg0t05513.cloudfront.net/static/images/scho-media/icpc-internship-programme-20251774330906.png

एसओएफ डिफेंस सर्विसेज़ एकेडमिक एक्सीलेंस स्कॉलरशिप

- विवरण: एसओएफ डिफेंस सर्विसेज़ एकेडमिक एक्सीलेंस स्कॉलरशिप 2026-27, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा कक्षा 1 से 10 तक के छात्रों को प्रदान की जा रही है। इसका उद्देश्य भारतीय रक्षा सेवाओं और आंतरिक सुरक्षा सेवाओं के परिवारों से आने वाले छात्रों की शैक्षणिक उपलब्धियों को पुरस्कृत करना है।
- मानदंड: भारतीय निवासी कक्षा 1 से 10 में अध्ययनरत छात्र आवेदन कर सकते हैं। वे सेवारत या सेवानिवृत्त रक्षा सेवा/आंतरिक सुरक्षा सेवा कर्मियों के परिवार से संबंधित होने चाहिए।
- इनाम/लाभ: रुपए 5,000 का एकमुश्त नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।
- अंतिम तिथि: 31-12-2026
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/SDSAS7
- QR Code: https://dle9eg0t05513.cloudfront.net /static/images/scho-media/sof-defence-services-academic-excellence-scholarship-dsas-2026-271784610057.png

नेशनल फेलोशिप स्कीम फॉर शेड्यूल्ड कास्ट स्टूडेंट्स (एनएफएससी) 2026

- विवरण: नेशनल फेलोशिप स्कीम फॉर शेड्यूल्ड कास्ट स्टूडेंट्स (एनएफएससी) 2026, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रदान किया जा रहा एक अवसर है। यह फेलोशिप यूजीसी-मान्यता प्राप्त संस्थानों में विज्ञान, मानविकी, या सामाजिक विज्ञान संकायों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति के छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। पात्र छात्रों को प्रत्येक वर्ष 2,000 नई फैलोशिप प्रदान की जाती है।
- मानदंड: सम्बंधित राज्य सरकारों द्वारा सूचीबद्ध अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों के लिए आवेदन जारी है। आवेदकों को यूजीसी-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों या अनुसंधान संस्थानों में पूर्णकालिक, नियमित एम.फिल. या पीएच.डी. कार्यक्रमों में नामांकित होना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, उन्हें राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) या स्नातक अभियान्त्रिकी प्रवेश परीक्षा (गेट) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
- इनाम/लाभ: प्रति माह अधिकतम 35,000 रुपये तथा अन्य लाभ।
- अंतिम तिथि: 20-12-2026
- आवेदन कैसे करें: यूजीसी-नेट-जेआरएफ या यूजीसी-सीएसआईआर नेट-जेआरएफ परीक्षा के मेरिट आधारित चयन द्वारा ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य ।
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/NFSC1
- QR Code: https://dle9eg0t05513. cloudfront.net/static/images/scho-media/national-fellowship-scheme-for-scheduled-caste-students-nfsc-20261769489377.png

परिवर्तन ईसीएसएस प्रोग्राम

- विवरण: परिवर्तन ईसीएसएस प्रोग्राम 2026-27 एक छात्रवृत्ति पहल है, जिसका उद्देश्य कक्षा 1 से लेकर स्नातकोत्तर स्तर तक के मेधावी और आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को सहायता प्रदान करना है।
- मानदंड: कक्षा 1 से 12, डिप्लोमा, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, स्नातक (सामान्य और व्यावसायिक), और स्नातकोत्तर (सामान्य और व्यावसायिक) पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्रों के लिए खुला है।
- नवीनतम योग्यता परीक्षा में न्यूनतम 55त अंक आवश्यक हैं।
- सभी स्रोतों से वार्षिक पारिवारिक आय ?2.5 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- केवल भारतीय नागरिकों के लिए जारी है।
- नोट: उन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने पिछले तीन वर्षों में किसी व्यक्तिगत या पारिवारिक संकट का सामना किया है, जिसने उनकी पढ़ाई जारी रखने की क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया हो।
- इनाम/लाभ: शैक्षिक स्तर के आधार पर 5,000 तक की छात्रवृत्ति।
- अंतिम तिथि: 30-09-2026
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक: www.b4s.in/sach/HDFC63
- QR Code: https://dle9eg0t05513.cloudfront.net/static/images/scho-media/parivartan-ecss-programme-2026-271786449527.png

मुस्कान स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2.0

- विवरण: मुस्कान स्कॉलरशिप प्रोग्राम 2.0 (2026-27),वाल्वोलीन कमिंस प्राइवेट लिमिटेड की एक पहल है, जो दक्षिणी, पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत के कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों को सहायता प्रदान करती है। इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य व्यावसायिक वाहन चालकों, मैकेनिकों के बच्चों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को उनकी शिक्षा जारी रखने में सहायता करना है।
- मानदंड: आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, ओडिशा, पुडुचेरी, सिक्किम, तमिलनाडु और तेलंगाना के कक्षा 9 से 12 में अध्ययनरत छात्र आवेदन के पात्र हैं। एलएमव्ही/एचएमवी चालकों सहित व्यावसायिक वाहन चालकों के बच्चे, मैकेनिकों के बच्चे और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र आवेदन कर सकते हैं।
- आवेदक को पिछली कक्षा में 60त या उससे अधिक अंक प्राप्त होना अनिवार्य है। सभी स्रोतों से वार्षिक पारिवारिक आय ?8 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। वाल्वोलीन कमिंस प्राइवेट लिमिटेड (इष्टक्क्र) और बड्डी4स्टडी के कर्मचारियों के बच्चे आवेदन के पात्र नहीं हैं।
- इनाम/लाभ: चयनित छात्रों को निम्नलिखित छात्रवृत्ति लाभ प्रदान किए जाएंगे। 12,000 तक की छात्रवृत्ति (वास्तविक खर्च के आधार पर) मेंटरशिप सहायता (रोड सेफ्टी पर सत्र)
- अंतिम तिथि: 30-09-2026
- आवेदन कैसे करें: केवल ऑनलाइन आवेदन स्वीकार्य
- आवेदन लिंक www.b4s.in/sach/MKSP3
- QR Code: https://dle9eg0t05513.cloudfront.net/static/images/scho-media/muskaan-scholarship-program-2-0-2026-271780373884.png